**Bihar Administrative Service Association**

Jawahar Lal Nehru Marg, Patna-800 001

President
Sri W. N. Singh

General Secretary
Gangadhar Lal Das

Trusth Will Triumph

Vice President
Feraq Ahmad
Arun Chandra Mishra

Treasurer
Keshav Ranjan Prasad


Letter No .................

Patna
Date

दिनांक-११-१२-९९ को संपन्न हुई बैठक की कार्यवाही

दिनांक ११-१२-९९ को बिहार प्रशासनिक सेवा संघ के नई कार्यकारिणी की प्रथम बैठक संघ भवन में श्री डब्ल्यू० एन० सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई ।

उपस्थित :- पंजी अनुसार

आज की बैठक में सर्वप्रथम अध्यक्ष एवं महासचिव ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए उनसे सभी तरह के सहयोग की अपेक्षा की एवं पूर्व की तरह एकजुटता बनाये रखने का अनुरोध किया ।

बैठक में आज की कार्यवाही के तहद प्रत्येक विन्दु पर सदस्यों की राय मांगी गई एवं उपस्थित सदस्यों ने खुलकर अपने विचार व्यक्त किया ।

इनसे प्राप्त सुझावों के आलोक में निम्नलिखित निर्णय लिये गये :-

१- बैठक में संघ के सदस्यों द्वारा संघ के साथ वैसिक ग्रेड के वेतनमान-८०००-१३५००/- तथा अपर सचिव एवं विशेष सचिव के वेतनमान का समझौता अनुरुप निर्धारण नहीं करने के संबंध में तीव्र आक्रोश व्यक्त किया गया और यह संकल्प लिया गया कि संघ का आत्मता एवं प्रतिष्ठा से जुड़े इस मामले को हर हाल में प्राप्त करना है । इस संवंध में सदस्यों को आम राय बनी कि इसकी पूर्ति में वर्ष १९८९ की तरह शीर्ष प्रशासनिक पद एवं सत्ता के करीव रहने वाले पदाधिकारी के द्वारा संघ की मांगों के संवंध में सरकार को वरावर गुमराह किया जाता रहा है । फलस्वरुप संघ की जायज मांगों को भी पूर्ति नहीं हुई है । ऐसे लोगों की नीति प्रारम्भ से ही बिहार प्रशासनिक सेवा एवं अन्य सेवा के पदाधिकारी /कर्मचारी के विरोधी रही है । इनके लिए स्थानान्तरण एवं पदस्थापन के लिए सरकार का न कोई नियम है और न कोई मापदण्ड हो । अतः सरकार अव भी ऐसे गुमराह एवं बदनाम करने वाले पदाधिकारियों को सलाह को दरकिनार कर तथा अपनी हठधर्मिता को छोड़कर हमारी मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाये अथवा जो भी स्थिति वनेगी भयानक परिणाम होगें की सारी जिम्मेवारी सरकारी की होगी ।

**Bihar Administrative Service Association**
Jawahar Lal Nehru Marg, Patna-800 001

President
*Sri W. N. Singh*

General Secretary
*Gangadhar Lal Das*

Trusth Will Triumph

Vice President
*Feraq Ahmad*
*Arun Chandra Mishra*

Treasurer
*Keshav Ranjan Prasad*

Letter No ...............

Patna
Date



२- यह भी निर्णय लिया गया कि प्रमंडलीय स्तर पर प्रशासनिक सेवा का क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित की जाय और संगठन को सभी तरह से मजबूत बनाने हेतु सभी जिला ईकाई अपनी बैठक कर ईकाई का पुर्नगठन करे एवं नये सिरे से जान डाली जाय।

३- संवाददाता सम्मेलन कर आयोजन कर सरकार को अपने समझौते एवं वादाखिलाफी की मंशा को उजागर किया जाय।

४- इस बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, रांची एवं अन्य पदाधिकारियों पर ग्राम-वांन्वे, थाना-मांडर दिनांक ८-४-९९ को हुए सुनियोजित कातिलामा हमला के विरुद्ध दर्ज की गई प्राथमिकी संख्या-२३/९९ के मुख्य अभियुक्त अवकाश प्राप्त कर्नल श्री वी० एन० शर्मा हैं, अविलंब गिरफतार किया जाय तथा सी० वी० आई० से जांच करायी जाय कि इनको बचाने में प्रशासनिक एवं आरक्षी पदाधिकारी की दिलचस्पी क्यों है, जब प्राथमिकी में इनका नाम दर्ज है। जानकारी के अनुसार मुख्य अभियन्ता श्री शर्मा राज्य प्रशासनमें शीर्ष पद पर आसीन एवं भा० प्र० से० के पदाधिकारी के पिता है। इस कारण इसकी सी० वी० आई० से जांच करायी जाय इस संवंध में संघ के पत्रांक २३, दिनांक १२-५-९९ पर कार्रवाई नहीं कर इसे उपेक्षा किये जाने का मुख्य सचिव पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाये जाने पर तीव्र आक्रोश व्यक्त किया गया।

५-आज की बैठक में दिनांक ४-१२-९९ को समाहरणालय, मधुवनी ने जिला २० सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक में विधायक श्री देवनाथ यादव, फुलपरास विधान सभा क्षेत्र के द्वारा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, धोधरडीहा के विरुद्ध अमर्यादित शब्दों के प्रहार से क्षुब्ध होकर राजपत्रित महासंघ, मधुवनी जिला ईकाई के द्वारा पारित प्रस्तावों का अनुमोदन किया और उसकी तीव्र भर्त्सना भी किया। मधुबनी जिला ईकाई द्वारा अंचलाधिकारी हरलाखी के साथ किये गये दुर्व्यवहार से उत्पन्न स्थिति से निपटने में उठाये गये कदमों की सराहना भी की।

६- आज की बैठक में अंचलाधिकारी, पातेपुर, जिला-वैशाली के मामले में जिलाधिकारी-वैशाली एवं आरक्षी अधीक्षक द्वारा वरती गई उदासीनता की भर्त्सना की गई एवं

**Bihar Administrative Service Association**
Jawahar Lal Nehru Marg, Patna-800 001

President
*Sri W. N. Singh*

General Secretary
*Gangadhar Lal Das*

TWT
Trusth Will Triumph

Vice President
*Feraq Ahmad*
*Arun Chandra Mishra*
Treasurer
*Keshav Ranjan Prasad*

Letter No .................

Patna
Date



उन्हें चेतावनी दी गई कि वे सत्ताधारी राजनीतिक दल का मोहरा न बनें और एक सही नौकरशाह की भूमिका को निभायें।

७- आज की बैठक में संघ की आर्थिक स्थिति की सुधार पर भी विमर्श हुआ एवं यह निर्णय हुआ कि संघ के सभी जिला ईकाई एवं सचिवालय ईकाई से वार्षिक चंदा की वसूली तत्परता से की जाय एवं जब तक संघ भवन के खाली स्थान में भवन निर्माण नहीं हो जाता है इसे यदि कोई विवाह या स्वागत समारोहों के आयोजन हेतु अस्थायी रुप से ले तो उसे दैनिक किराया पर दिया जाय। इस कार्य हेतु श्री अनिरुद्ध प्रसाद सिंह, नजारत उप समाहर्त्ता, पटना को सम्पर्क कर प्रस्ताव देने के लिए अधिकृत किया गया।

८- आज की बैठक में संघ की पत्रिका " प्रशासन " के प्रकाशन हेतु संवादक मंडल एवं भवन निर्माण ~~समिति~~ समिति के गठन हेतु स्वेच्छा से नाम देने का अनुरोध किया गया। जो कुछ नाम आयेके अतिरिक्त इसमें पूर्व के वार्त्ता एवं अभिरुचि रखनेवाले पदाधिकारियों के नाम के साथ इसका गठन किया जात ा है ,जो निम्नवत् है :-

१- सम्पादक मण्डल :-

१- श्री रामा नन्द झा," रमण " उप सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
२- श्री हरिवंश नारायण ,उप सचिव, सांख्यिक वित्त
३- श्री ओ० पी० नारायण, आयुक्त के सचिव, पटना प्रमंडल, पटना
४- डा० श्री कृष्ण झा, उप सचिव, वित्त विभाग
५- श्री कुंवर जंग बहादुर ,कार्यपालक दंडाधिकारी ,पटना
६- श्री कमल शंकर श्रीवास्तव, उप समाहर्त्ता, बिहार राज्य कृषि विपणन पर्षद

२- भवन निर्माण समिति :-

१- श्री अंसाउद्दीन, अनुमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग
२- श्री पी० के० बिहारी, अनुमंडल पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर
३- श्री चित्तरंजन प्रसाद सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी, लरेराज ( पूर्वी चम्पारण )

**Bihar Administrative Service Association**
Jawahar Lal Nehru Marg, Patna-800 001

President
*Sri W. N. Singh*

General Secretary
*Gangadhar Lal Das*

Trusth Will Triumph

Vice President
*Feraq Ahmad*
*Arun Chandra Mishra*
Treasurer
*Keshav Ranjan Prasad*

Letter No ...............

Patna
Date



४- श्री रघुनाथ प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी, दरभंगा

५- श्री चन्देश्वर चौधरी, जिला परिवहन पदाधिकारी, पूर्णियां (संयोजक)

६- श्री लम्बोदर झा, उप समाहर्त्ता, रांची

७- श्री योगेन्द्र पासवान, जिला परिवहन पदाधिकारी, पटना ।

८- श्री नन्द जी सिंह, आप्त सचिव, राज्य मंत्री, कल्याण

९- श्री राजेन्द्र प्रसाद सिंह, तदैव -

१०- श्री सुरेन्द्र राय, प्रखंड विकास पदाधिकारी, सदर

११- श्री रजनीश कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी, विदुपुर (हाजीपुर)

(९) आज की बैठक में सचिवालय में पदस्थापित पदाधिकारियों से सम्पर्क एवं समन्वय रखने हेतु पूर्व की भांति सचिवालय ईकाई के गठन का निर्णय लिया गया तथा इसके लिए अध्यक्ष श्री डब्लू० एन० सिंह को स्वीकृत किया गया ।

१०- अंत में कतिपय उपस्थित सदस्यों ने संघ के पंजीकरण का मामला उठाया जो अभी तक नहीं कराया जा ~~सका~~ सका है हलांकि प्रयास कई बार हुए । सभी उपस्थित सदस्यों ने इसे नितान्त आवश्यक बताते हुए सर्व सम्मति से प्रस्ताव का अनुमोदन किया । इस प्रस्ताव पर संघ को सोसाईटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट १८६० के प्रावधान के अन्तर्गत पंजीकृत कराने का निर्णय लिया गया । इस कार्य के सम्पादन हेतु संघ के अध्यक्ष एवं महासचिव क्रमशः श्री डब्लू० एन० सिंह एवं जी० एल० दास को अधिकृत किया गया ।

श्री रामा नन्द झा " रमण " द्वारा धनवाद ज्ञापन के पश्चात बैठक की कार्य समाप्त की गई ।

(हस्ताक्षर) 15.12.99
( गंगाधर लाल दास)
महासचिव

(हस्ताक्षर) 15/12/99
( डब्लू० एन० सिंह)
अध्यक्ष

ज्ञाप संख्या- 81    पटना, दिनांक 15-12-99

प्रतिलिपि- सभी जिला ईकाई के अध्यक्ष एवं सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(हस्ताक्षर) 15.12.99
( गंगाधर लाल दास)
महासचिव

# Bihar Administrative Service Association

Jawahar Lal Nehru Marg, Patna-800 001

President
*Sri W. N. Singh*

General Secretary
*Gangadhar Lal Das*

Trusth Will Triumph

Vice President
*Feraq Ahmad*
*Arun Chandra Mishra*

Treasurer
*Keshav Ranjan Prasad*


Letter No ................

Patna
Date



ज्ञापांक 81 पटना, दिनांक 15-12-99

प्रतिलिपि- केन्द्रीय कार्यकारिणी के सभी सदस्य/ विशेष आमंत्रित सदस्य को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

15-12-99

( गंगाधर लाल दास )
महासचिव।